**राजस्थान सरकार**
**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग**

क्रमांकः– एफ. 1(7)(01078)डीपीसी/सान्याअवि/2026 जयपुर, दिनांकः–यथा ई–हस्ताक्षरित

## कार्यालय आदेश

प्रशासनिक अधिकारी (गैर अनुसूचित क्षेत्र) के रिक्त पद पर वर्ष 2025–26 हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 18.05.2026 में श्री मुकेश कुमार मेहरा का पदोन्नति चयन, पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक को निलंबित होने के कारण सील कवर रखा गया था।

श्री मुकेश कुमार मेहरा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के निलंबन आदेश के क्रम में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, विधानसभा आदर्श नगर (053) एवं उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक जयपुर वृत तृतीय जयपुर द्वारा आदेश क्रमांक 2832 दिनांक 15.06.2026 के द्वारा भविष्य में निष्ठापूर्वक कार्य करने की हिदायत (अलिखित) देते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही को समाप्त किया गया है एवं बहाल किया गया है।

अतः मुकेश कुमार मेहरा निलंबन से बहाल किये जाने के फलस्वरूप श्री मेहरा को प्रशासनिक अधिकारी के पद पर वर्ष 2025–26 में किया गया पदोन्नति चयन सील कवर खोला जाकर विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 18.05.2026 के अनुसरण में दिनांक 14.10.2025 से अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी (L-11) से प्रशासनिक अधिकारी (L-12) के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती है।

श्री मुकेश कुमार मेहरा अपने वर्तमान पदस्थापन स्थान पर पदोन्नति पद पर कार्यग्रहण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगें। पदोन्नति का वास्तविक नगद लाभ कार्यग्रहण दिनांक से देय होगा। पदस्थापन आदेश पृथक से जारी किये जायेगें।

प्रशासनिक अधिकारी (गैर अनुसूचित क्षेत्र) की अंतिम वरियता सूची राजकाज रै.न. 22726958 दिनांक 15.06.2026 में श्री मेहरा को क्र.स. 25 श्री रामकिशन मीणा के नीचे एवं क्र.स. 26 श्री रणजीत सिंह के उपर स्थापित किया जाता है।

यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

**अति. निदेशक (सत. एवं प्रशा.)**

क्रमांकः– एफ. 1(7)(01078)डीपीसी/सान्याअवि/2026 जयपुर, दिनांकः–यथा ई–हस्ताक्षरित

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अति. मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, सान्याअवि, जयपुर।
4. निजी सचिव, अतिरिक्त निदेशक (सत0 एवं प्रशा0), सान्याअवि, राजस्थान, जयपुर।
5. संस्थापन प्रशाखा (पी–3) मुख्यावास को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) को ई–मेल/वेबसाईट पर अपलोड करवाने हेतु।
7. श्री मुकेश कुमार मेहरा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, मुख्यावास।
8. व्यक्तिगत पत्रावली श्री मुकेश कुमार मेहरा।
9. आदेश पत्रावली ।

**अति. निदेशक (सत. एवं प्रशा.)**

Signature Not Verified

Digitally Signed by Pankaj Kumar Ojha
Designation : Additional Director
Date :03-07-2026 06:00:55

RajKaj Ref No.: 23181358